मध्य प्रदेश के डाकघरों में तार और बचत बैंक सुविधाएं

358. **श्री अजीत जोगी:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के गांवों में ऐसे कितने डाक-कार्यालय हैं जहां पर पी०सी०ओ०, तार सेवा और बचत बैंक की सुविधाएं उपलब्ध हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी डाक कार्यालयों में ऐसी सुविधाएं प्रदान करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) मध्य प्रदेश के गांवों में उन डाकघरों की संख्या, जिनमें पी०सी०ओ० तार और बचत बैंक सुविधाएं उपलब्ध हैं, निम्न प्रकार से है:—

पी०सी०ओ०	—	2439
तार	—	541
बचत बैंक	—	10074

(ख) से (घ) पी०सी०ओ० और तार

राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 1994 के अनुसार, वर्ष 1997 तक देश के सभी गांवों में, जिनमें मध्य प्रदेश के गांव भी शामिल हैं, उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर टेलीफोन सुविधाएं उत्तरोत्तर रूप से उपलब्ध करा दी जाएंगी। डाकघर उन प्रस्तावित स्थानों में से एक है जिनमें टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। सभी डाकघरों में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अलग से कोई और योजना नहीं है। इन ग्रामीण पब्लिक टेलीफोनों पर ऐसे मामलों में तार सुविधा भी प्रदान की जाती है जहां ऐसी मांग हो और परियात की मात्रा के आधार पर इसका औचित्य बनता हो।

बचत बैंक

मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी डाकघरों में बचत बैंक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

प्राकृतिक गैस की कमी

360. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि प्राकृतिक गैस की कमी के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनायें प्रभावित हो रही हैं;

(ख) क्या सरकार संबंधित परियोजनाओं को उनकी आवश्यकतानुसार प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने के लिए किसी कार्य योजना पर विचार कर रही है;

(ग) क्या देश में उपलब्ध प्राकृतिक गैस के भंडारों का सही ढंग से उपयोग हो रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इस समय देश में कुल कितने गैस भंडार हैं और उनसे कितनी गैस प्राप्त की जाती है तथा देश में इसकी मांग और आपूर्ति में कितना अंतर है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) उपलब्धता के लिए अनुमानित गैस पूर्णतः आवंटित कर दी गयी है तथा फिलहाल इसके अतिरिक्त आवंटन पर विचार करना साध्य नहीं है।

(ग) जी, हां। समुचित रिजर्वायर प्रबंधन तथा गैस की मांग के अधीन गैस के उत्पादन को अधिकतम किया जा रहा है।

(घ) गैस का वसूलीयोग्य शेष भंडार 700 बिलियन घन मीटर के लगभग होने का अनुमान लगाया गया है। एल पी जी, सी-2/सी-3 के निकर्षण तथा आन्तरिक प्रयोग के लिए जिन इकाइयों को गैस आवंटित की गयी है उनसे लगभग 75 एम एम एस सी एम डी की मांग के प्रति चालू वर्ष के दौरान 62 एम एम एस सी डी गैस का उत्पादन होने की संभावना है।

विदेश सचिव स्तर के प्रतिनिधि-मंडल की बांग्लादेश यात्रा

360. **श्री अनन्तराम जायसवाल:** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल में भारतीय विदेश सचिव के नेतृत्व में एक दल ने बांग्लादेश की यात्रा की थी, यदि हां, तो इस यात्रा का उद्देश्य क्या था तथा इस यात्रा के दौरान मुख्य किन-किन विषयों पर विचार-विमर्श हुआ; और

(ख) इस यात्रा के दौरान हुए विचार-विमर्श का ब्यौरा क्या है तथा सरकार ने दोनों देशों के बीच सचिव स्तर पर हुए विचार-विमर्श के मुद्दों पर क्या निर्णय लिया है या लेना चाहती है?

विदेश मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) और (ख) जी, हां। विदेश सचिव और विदेश मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने 23 से 25 जून तक बांग्लादेश की यात्रा की। इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय हित के विभिन्न मसलों पर विचार-विर्मश करना था। यात्रा के दौरान विदेश सचिव ने बंगलादेश के विदेश सचिव के साथ विचार, विर्मश किया। विदेश सचिव ने बंगलादेश के विदेश तथा मानव संसाधन और सिंचाई मंत्रियों एवं गृह सचिव से मुलकात की। भारत की यह इच्छा दोहराई गई कि वह जल विवाद का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में कार्य करने के लिए तैयार है। यह सहमति हुई है कि संयुक्त नदी आयोग का पुनः आयोजन किया जाएगा तथा जल-प्रवाहों की संयुक्त मानीटरिंग पुनः शुरू की जाएगी। सीमा क्षेत्रों में अवैध आप्रवासन और विद्रोह की समस्याओं से संबद्ध भारत की चिन्ताओं से बंगलादेश प्राधिकारियों को अवगत करा दिया गया था। इस बात पर सहमति हुई है कि दोनों पक्षों के गृह सचिवों के बीच अगले दौर की बातचीत तथाशीघ्र की जाएगी। विदेश सचिवों ने दोनों देशों के बीच व्यापार से संबद्ध मसलों और भारत द्वारा अपेक्षित पारगमन सुविधाओं पर भी विचार-विर्मश किया।

Production started from Padma and Mukta Oilfields by Enron Reliance Consortium

361. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether as reported in the Business Standard dated 14th June, 1995 the enron-Reliance Consortium has started production from the Padma and Mukta oilfields without getting development plans cleared by the designated managing committee of Government;

(b) if so, whether Government have ordered the Consortium to stop production forthwith;

(c) whether in view of its behaviour Government will rescind whatever commitments were entered into with the Consortium;

(d) whether any enquiry will be launched by Government to enquire whether there was any official lapse which encouraged the Consortium in the

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHRAMA): (a) No, Sir. Panna and Mukta fields in Western Offshore were already partially developed and being produced prior to signing of the contract in December, 1994 between the Government and the Consortium comprising ONGC, Reliance Industries Ltd. (RIL) and Enron Oil & Gas India Ltd. (EOGIL). The Operator (namely EOGIL) has accordingly taken over existing operations of the fields as per contract. The full development of the fields would be undertaken only after the development plans are cleared by the Management Committee in accordance with the provisions of the contract.

(b) to (c) Do not arise.

Price increase by soft drink companies

362. SHRI JALALUDIN ANSARI: SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state

(a) whether Government are aware of the recent price increase effected by the soft drink companies in their product which are dominated by multinational companies;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to ask the Bureau of Industrial Costs and Pricing (BICP) of study the cost and pricing of soft drinks; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI TARUN GOGOI): (a) Yes, Sir.

(b) Prices of various soft drinks manufactured by franchisees/bottlers of M/s. Pepsi Foods Ltd. and M/s. Coca Cola a